# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 18 अक्टूबर 2026


हरिभूमि

समाचार ही नहीं, विचार भी

&

inh 24x7

बढ़ते भारत की आवाज़





मिल्कियाना®

Balanced Cattle Feed

Presents

**डॉ. हिमांशु द्विवेदी**

प्रधान संपादक

हरिभूमि, आईएनएच

**मा. रामविचार नेताम**

कैबिनेट मंत्री- आदिम जाति विकास,
कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी,
मछली पालन एवं पशुधन विकास मंत्री

# कृषि संवाद

## Agriculture Conclave 2026



## Saturday, 24 Oct 2026 | Time : 2.00 PM

Vivekanand Auditorium,
Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Raipur (C.G.)

Supported By

Health Partner

NABARD

aries agro limited

KSC TECHNO PVT. LTD.
Pioneering a Digital Revolution

ITSA HOSPITALS
HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.

SARDA

tirupati धार्मिक यात्रा सेवा समिति

AVK™

ए.एन.आटोमोबाईल

AANDRAYA ENTERPRISES

## खबर संक्षेप



### स्कूल में मनाई गई डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती

**कोण्डागांव।** प्राथमिक और उच्च प्राथमिक शाला डोंगरीपारा में 15 अक्टूबर को पूर्व राष्ट्रपति एवं वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई। शाला नायिका कुमारी मुस्कान निषाद ने डॉ. कलाम के जीवन परिचय की जानकारी दी। कहा वे वैज्ञानिक, प्रोफेसर, लेखक और भारत के 11वें राष्ट्रपति रहे। उनका जीवन मेहनत, सादगी और लगन की प्रेरणादायी मिसाल है। पवन कुमार साहू ने डॉ. कलाम की वैज्ञानिक उपलब्धियों की जानकारी दी। प्रधानाध्यापक रामधीन नरेटी ने कहा डॉ. कलाम साधारण परिवार से निकलकर अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंचे।

### चावरा स्कूल में पहली बार होगा पूर्व छात्रों का मिलन समारोह



**कोण्डागांव।** चावरा स्कूल में पहली बार 31 अक्टूबर को पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन होने जा रहा है। चावरा लेजेसि के नाम से आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। समारोह में वर्ष 1999 से 2020 तक के विभिन्न बैच के पूर्व छात्र–छात्राएं शामिल होंगे। इसके साथ ही विद्यालय के पुराने शिक्षकगण और स्टाफ भी इस यादगार आयोजन का हिस्सा बनेंगे। चावरा लेजेसि आयोजन के मीडिया प्रभारी वासिल खान ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। पंजीकरण के माध्यम से अब तक लगभग 150 पूर्व छात्र–छात्राएं अपना नाम दर्ज करा चुके हैं। आयोजन को लेकर पूर्व विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

### छात्रों कैनवास पर उकेरी मां दुर्गा की तस्वीर




**कोण्डागांव।** संकुल केंद्र और प्राथमिक विद्यालय करंजी में दशहरा अवकाश के पूर्व एक विशेष रचनात्मक गतिविधि आयोजित की गई। कार्यक्रम संयोजक टी. एंकट राव के मार्गदर्शन में विद्यालय के नन्हें छात्र–छात्राओं ने कैनवास पर अपनी कल्पनाओं के रंगों से मां दुर्गा का आकर्षक चित्र बनाया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विभिन्न रंगों और ब्रशपेन की मदद से मां दुर्गा का चित्र तैयार किया। अपने हाथों से चित्र बनाते समय बच्चों के चेहरों पर उत्साह और खुशी दिखाई दी। इस गतिविधि ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित करने का अवसर दिया।

### जल संरक्षण कार्यक्रम में विधायक लता उसेंडी हुई शामिल



**कोण्डागांव।** ग्राम पंचायत मसौरा में जल संरक्षण एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जल जन सेवा संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक लता उसेंडी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और अन्य सहभागियों ने जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा पानी के महत्व को समझने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान जल शक्ति केंद्र की भूमिका और जल संरक्षण से जुड़े विभिन्न उपायों पर जानकारी दी गई। इसमें वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण, जल स्रोतों के संरक्षण तथा पानी के विवेकपूर्ण उपयोग जैसे विषयों पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने जल संरक्षण की शपथ ली। शपथ के माध्यम से वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों की सुरक्षा और पानी की बर्बादी रोकने के लिए व्यक्तिगत एवं सामूहिक स्तर पर प्रयास करने का संदेश दिया गया। ग्राम पंचायत मसौरा में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्थानीय स्तर पर सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जल संसाधनों को सुरक्षित रखने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

# हिर्री में रावण का पुतला जलाया नहीं जाता, बल्कि रामलीला से वध करने की निभाई जाती है परंपरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

कोंडागांव जिले के फरसगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम हिर्री में दशहरा पर्व मनाने की अनोखी परंपरा है। यहां प्रतिवर्ष रावण का पुतला जलाने के बजाय उसका वध किया जाता है। ग्रामीण इसी अनूठी परंपरा के साथ तीन दिवसीय दशहरा उत्सव मनाते हैं, जो क्षेत्र के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहता है। इस वर्ष भी ग्राम हिर्री में दशहरा उत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। रविवार की संध्याकालीन बेला में ग्रामदेवी मां शीतला सहित सभी देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर उत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। तीन दिवसीय आयोजन के पहले दिन राम जन्म, दूसरे दिन बाली-सुग्रीव युद्ध और तीसरे दिन रावण वध का मंचन होगा। अंतिम दिन सीता अग्नि परीक्षा और विभीषण राजतिलक के मंचन के बाद रंगारंग कार्यक्रम के तहत शिव विवाह की प्रस्तुति दी जाएगी। यहां रावण का पुतला जलाया नहीं जाता, बल्कि रामलीला के माध्यम से रावण वध की परंपरा निभाई जाती है। इससे पर्यावरण प्रदूषण भी नहीं होता।



### तीन दिवसीय दशहरा उत्सव को लेकर ग्रामीणों में उत्साह

*इस अनोखी परंपरा को देखने के लिए दूर-दराज के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। रावण का पुतला बनाने और सजाने का कार्य रामचंद्र राना करते हैं। कार्यक्रम में सरपंच सुकमन मरकाम, उपसरपंच घुमेश्वर साहू, पारेश्वर वैद्य, चंद्रस्वरूप साहू, भारद्वाज वैद्य, मोहन भंडारी, भुवन शार्दूल, करण सिंह, प्रशांत मरकाम, देवेंद्र तिवारी, रामपवन यादव, हेमंत साहू, फूलसिंह वैद्य सहित गायता-पुजारी, पंचगण एवं समस्त ग्रामवासी आयोजन में शामिल होंगे।*

## मंदिरों में की पूजा-अर्चना, गरबा महोत्सव में भी हुए शामिल

# मां दुर्गा के दरबार में पहुंचे मंत्री केदार कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

शारदीय नवरात्रि पर कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने श्रद्धा और भक्ति के साथ माँ दुर्गा के विभिन्न दरबारों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने माँ जगदम्बा के चरणों में शीश नवाकर नारायणपुर सहित छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि, जनकल्याण और खुशहाली की मंगलकामना की।

इस दौरान केदार कश्यप ग्राम गढ़बेंगाल में दुर्गा उत्सव समिति द्वारा स्थापित माँ दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन करने पहुंचे। नारायणपुर शहर में उन्होंने माँ शीतला माता मंदिर, पहाड़ी माता मंदिर, मुरियापारा स्थित दुर्गा माता मंदिर, तहसीलपारा स्थित शिव मंदिर एवं दुर्गा पंडाल तथा डीएनके कॉलोनी के दुर्गा पंडालों में पूजा-अर्चना की। इसके अलावा बंगला पारा, बुधवारी बाजार और जोशी बाड़ा के दुर्गा पंडालों में भी पहुंचकर माँ का आशीर्वाद लिया और श्रद्धालुओं को नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। धार्मिक स्थलों पर केदार कश्यप ने उपस्थित जनों से भेंट-मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और आत्मीय संवाद करते हुए पर्व की शुभकामनाएं साझा कीं। केदार कश्यप नारायणपुर के हाईस्कूल मैदान में आयोजित गरबा महोत्सव में शामिल हुए। पारंपरिक गरबा और भक्तिमय वातावरण के बीच लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। केदार कश्यप ने कहा शारदीय नवरात्रि शक्ति, श्रद्धा और भक्ति का पावन पर्व है। मां जगदम्बा से प्रार्थना है कि उनकी कृपा नारायणपुर सहित छत्तीसगढ़ के प्रत्येक परिवार पर बनी रहे और प्रदेश सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली के नए आयाम स्थापित करे। हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराएं और आपसी स्नेह समाज की असली ताकत हैं। मां दुर्गा के आशीर्वाद से नारायणपुर सहित पूरा छत्तीसगढ़ विकास, विश्वास और जनकल्याण के पथ पर निरंतर आगे बढ़े। इस अवसर पर वनोपज संघ के अध्यक्ष रूपसाय सलाम, जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम, भाजपा जिलाध्यक्ष संध्या पवार, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष इंद्र प्रसाद बघेल सहित अन्य पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### हर्रापड़ाव में विराजी मां दुर्गा, भक्ति के रंग में रंगा पंडाल

**केशकाल।** नवरात्रि पर्व पर केशकाल नगर में मां दुर्गा की आराधना श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ की जा रही है। नगर के हर्रापड़ाव में मातृ शक्तियों द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। मातृ शक्तियों की आस्था, एकजुटता और समर्पण से सजा यह दुर्गा पंडाल नारी शक्ति की धार्मिक आस्था और भक्ति का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित कर महिलाएं पूरे उत्साह के साथ पूजा-अर्चना में जुटी हैं। नवरात्रि के दिनों में माता रानी के दर्शन करने श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं परिवार की मंगलकामना के साथ मां दुर्गा के समक्ष शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। पूजा-पाठ और मां के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।



### दुर्गा पंडालों में गरबा और डांडिया की धूम

**कोण्डागांव।** नवरात्रि पर कोंडागांव नगर में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना हुआ है। नगर के विभिन्न दुर्गा पंडालों में मां दुर्गा की पूजा–अर्चना के साथ गरबा और डांडिया की धूम देखने को मिल रही है। शाम होते ही पंडालों में श्रद्धालुओं और गरबा प्रेमियों की भीड़ जुट रही है। पारंपरिक वेशभूषा में सजे युवक–युवतियां गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियों से उत्सव की रौनक बढ़ा रहे हैं। रंग–बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे युवक–युवतियां गरबा और डांडिया में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। संगीत की धुन पर सामूहिक गरबा नृत्य की प्रस्तुतियां लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।



# वन भूमि पर अवैध कब्जा, तीन आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



वनमंडल कोण्डागांव के अंतर्गत वन विभाग ने आरक्षित वन क्षेत्र में कथित अवैध अतिक्रमण कर खेती करने के मामले में कार्रवाई की है। वनमंडलाधिकारी के निर्देश पर वन परिक्षेत्र मुलमुला के मालगांव परिसर में कार्रवाई करते तीन आरोपियों के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया। विभाग ने मामले में न्यायालय कोण्डागांव में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया है। जानकारी के अनुसार, वन परिक्षेत्र मुलमुला के मालगांव परिसर स्थित आरक्षित वन कक्ष क्रमांक 564 में कथित रूप से अवैध अतिक्रमण कर खेती की जा रही थी। इस मामले में ग्राम चिपावंड निवासी गोविंद पिता सोमनाथ मुरिया, ग्राम कुन्हारी निवासी बजरंग पिता मान सिंह तथा बड़े कनेरा निवासी चेतन पिता परती के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। वन विभाग के अनुसार, अतिक्रमित क्षेत्र में साल सहित अन्य प्रजातियों के कुल 38 वृक्षों को कथित रूप से नुकसान पहुंचाया गया। इसके अलावा लगभग 1.600 हेक्टेयर भूमि पर धान एवं उड़द की फसल लगाकर खेती किए जाने का मामला सामने आया। विभाग ने भारतीय वन अधिनियम, 1927 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करते हुए वन अपराध प्रकरण 21 अगस्त को दर्ज किया। इसके बाद आरोपियों के विरुद्ध अभियोग पत्र न्यायालय कोण्डागांव में प्रस्तुत किया गया। समाचार में दी गई जानकारी के अनुसार, न्यायालय ने मामले को स्वीकार करते हुए आपराधिक प्रकरण 15 अक्टूबर को दर्ज किया है।

### वन संपदा की सुरक्षा के लिए निगरानी जारी

वन रक्षक धीरेंद्र मिश्रा के अनुसार, वन क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण, पेड़ों को नुकसान पहुंचाने और खेती जैसी गतिविधियों पर वन विभाग लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि ऐसे मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। वन विभाग की इस कार्रवाई से आरक्षित वन भूमि पर कथित अवैध कब्जा कर खेती करने के मामलों में कानूनी कार्रवाई का संदेश गया है। विभाग ने वन संपदा की सुरक्षा और संरक्षण के लिए निगरानी तथा कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

280 परिवारों के जीवन में आया बदलाव, महिलाओं को मिली राहत और स्वच्छ पेयजल से स्वस्थ जीवन की राह हुई आसान

# जल जीवन मिशन से ग्राम अड़ेगा के हर घर पहुंच रहा शुद्ध पेयजल

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल



केशकाल विकासखंड के ग्राम पंचायत अड़ेगा में जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। कभी नदी-नालों के पानी पर निर्भर रहने वाले गांव के 280 परिवारों को अब घर पर ही नल के माध्यम से नियमित स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है। इससे ग्रामीणों को पेयजल के लिए होने वाली परेशानियों से राहत मिली है और उनके जीवन में सुविधा एवं सुरक्षा का नया अध्याय जुड़ा है।

### घर-घर नल से पहुंच रहा स्वच्छ पेयजल

ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक परिवार तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित जल जीवन मिशन के तहत ग्राम अड़ेगा में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था विकसित की गई है। गांव में 50 किलोलीटर क्षमता की पानी की टंकी का निर्माण किया गया है। साथ ही, 6,710 मीटर लंबी पाइपलाइन बिछाकर घर-घर तक पेयजल पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस पहल से गांव के 280 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से स्वच्छ पेयजल का लाभ मिल रहा है। योजना के क्रियान्वयन से पहले ग्रामीण परिवारों, विशेषकर महिलाओं को पानी की व्यवस्था करने के लिए नदी-नालों तक जाना पड़ता था। इसमें उनका काफी समय और श्रम खर्च होता था। अब घर पर ही नल से पानी उपलब्ध होने के कारण महिलाओं को लंबी दूरी तय करने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। इससे उन्हें घरेलू कार्यों, बच्चों की देखभाल और अन्य आवश्यक गतिविधियों के लिए अधिक समय मिल रहा है। साथ ही, पेयजल की उपलब्धता से ग्रामीण परिवारों की दिनचर्या भी पहले की तुलना में अधिक सुविधाजनक हुई है। स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता ग्रामीणों के स्वास्थ्य और जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। नदी-नालों के पानी पर निर्भरता कम होने से दूषित जल के सेवन से जुड़े जोखिमों को कम करने में मदद मिलती है। ग्रामीणों के लिए घर पर ही स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध होना सुरक्षित जीवनशैली और बेहतर स्वच्छता की दिशा में भी उपयोगी साबित हो रहा है। ग्राम अड़ेगा में आयोजित हर घर जल उत्सव के दौरान ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के महत्व को समझते हुए जल संरक्षण और जल स्रोतों के संवर्धन का संकल्प लिया। इस अवसर ने ग्रामीणों को पेयजल सुविधा के साथ-साथ जल के महत्व, उसके विवेकपूर्ण उपयोग और भविष्य के लिए जल स्रोतों को सुरक्षित रखने के प्रति जागरूक किया।

# कृषि ड्रोन से धान की फसल में जैविक कीटनाशक का छिड़काव



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कृषि अभियांत्रिकी विभाग, बस्तर संभाग जगदलपुर द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र पूर्वी बोरगांव में धान की फसल पर कृषि ड्रोन से जैविक कीटनाशक छिड़काव का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। इस दौरान किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक की उपयोगिता, कार्यप्रणाली और इसके लाभों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को कृषि कार्यों में ड्रोन तकनीक अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना था।

■ किसानों को दिखाई आधुनिक तकनीक

प्रदर्शन के दौरान कृषि ड्रोन के माध्यम से धान की फसल में जैविक कीटनाशक का छिड़काव कर किसानों को इसकी कार्यप्रणाली समझाई गई। कृषि अधिकारियों एवं वैज्ञानिकों ने ड्रोन के उपयोग से फसल प्रबंधन में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी।

कृषि ड्रोन आधुनिक कृषि यंत्रीकरण की महत्वपूर्ण तकनीक है। इसके माध्यम से बड़े कृषि क्षेत्र में कम समय में छिड़काव किया जा सकता है। इससे किसानों के समय और श्रम की बचत हो सकती है। साथ ही खेत में पैदल चलकर छिड़काव करने की आवश्यकता भी कम होती है।

विधायक लता उसेंडी और कलेक्टर ने 17 दिव्यांगता प्रमाण पत्र और पांच टीबी मरीजों को पोषण आहार वितरित किए

# स्वास्थ्य शिविर में 474 हितग्राही लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



सेवा संकल्प अभियान के अंतिम दिन शनिवार को जिला चिकित्सालय कोण्डागांव में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी उपस्थित रहीं। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में कुल 474 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। इस दौरान नागरिकों को विभिन्न स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं।

विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ समाज, राज्य और राष्ट्र का आधार हैं। बेहतर स्वास्थ्य से व्यक्ति की कार्यक्षमता बढ़ती है और उसकी आर्थिक एवं मानसिक स्थिति भी मजबूत होती है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25 वर्षों के सेवा एवं संकल्प के उपलक्ष्य में एक माह तक आयोजित सेवा गतिविधियों का समापन मेगा स्वास्थ्य शिविर के साथ किया गया।

विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपए तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को गंभीर बीमारियों के उपचार में सहायता मिल रही है। उन्होंने नागरिकों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और शासकीय योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। कलेक्टर नूपुर राशि ने शिविर में पहुंचे नागरिकों से कहा कि वे उपचार के दौरान पात्रता के अनुसार आयुष्मान कार्ड का उपयोग करें। उन्होंने शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। मेगा स्वास्थ्य शिविर में 145 हितग्राहियों की प्रयोगशाला जांच की गई। इसके अलावा 100 हितग्राहियों का एक्स–रे किया गया। शिविर में विभिन्न बीमारियों की जांच के साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श एवं उपचार संबंधी सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर में गैर–संचारी रोगों से संबंधित 74, नेत्र रोग के 40, नाक–कान–गला रोग के 23 तथा दंत रोग के 12 मरीजों की जांच की गई। इसके साथ ही मेडिसिन विभाग के 25, सर्जरी विभाग के 25 और सामान्य रोगों से संबंधित 52 मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर में महिलाओं के स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान दिया गया। इस दौरान 80 हितग्राहियों को प्रसूति संबंधी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। महिलाओं को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम के दौरान विधायक सुश्री लता उसेंडी एवं कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने 17 हितग्राहियों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र वितरित किए। इससे संबंधित हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं और सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। शिविर में क्षय रोग से पीड़ित पांच मरीजों को पोषण सहायता के रूप में खाद्य सामग्री की टोकरी प्रदान की गई। इसके अलावा 200 महिलाओं को निःशुल्क सैनिटरी पैड वितरित कर व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

# पंडाल में मां दुर्गा की झांकी बनी आकर्षक

**धनोरा।** मंडली पारा में नवरात्रि पर माता दुर्गा की झांकी सजाई गई है। पारा के युवाओं ने मिलकर माता रानी का सुंदर पंडाल तैयार किया है, जो पूरे धनोरा में चर्चा का विषय बना हुआ है। पंडाल में माता दुर्गा की विशाल मूर्ति स्थापित है। रोज सुबह-शाम आरती और भजन-कीर्तन का आयोजन हो रहा है। माता के जयकारों से पूरा पारा गूंज रहा है। इस आयोजन को सफल बनाने में पारा के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। गेमू, दीपक, राजू, दीपक, ओमी बरनवाल और अन्य सभी युवाओं ने सजावट, लाइट और भंडारे की व्यवस्था की है।



# शीतला मंदिर में शारदीय नवरात्रि की धूम



**धनोरा।** यहां के शीतला मंदिर में नवरात्रि पर्व पर माता दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना जारी है। मंदिर परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। पूजा के लिए सुबह से ही भक्तों की लंबी कतार लग रही है। पंडित जी द्वारा रोज दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जा रहा है। शाम के समय मंदिर में भजन मंडली द्वारा माता के भजन गाए जा रहे हैं और महाआरती की जा रही है। मंदिर समिति द्वारा कन्या भोज और भंडारे का भी आयोजन किया गया है। माता के दरबार में आने वाले सभी भक्तों को प्रसाद भी दिया जा रहा है।

## पेज 3 के शेष

### नगर पंचायत को....

गतिविधियों, बूथ प्रबंधन एवं चुनावी रणनीति को लेकर विस्तार से चर्चा की। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने कहा कि आगामी नगर पंचायत चुनाव को ध्यान में रखते हुए सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आपसी समन्वय, एकजुटता और सक्रियता के साथ कार्य करें। उन्होंने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने पर जोर देते हुए कहा कि चुनावी तैयारियों में प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है। नगर पंचायत कोंटा के सभी 15 वार्डों में संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने, मतदाता सूची पर ध्यान देने तथा वार्ड प्रभारियों एवं सह-प्रभारियों को अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से नियमित संपर्क एवं समन्वय बनाए रखते हुए चुनाव संबंधी कार्यों को व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

### यूसीसी का आदिवासी ....

तलाक, पारिवारिक संबंधों और उत्तराधिकार से जुड़े अनेक नियम पीढ़ियों से चली आ रही परंपराओं और रूढ़िगत व्यवस्थाओं पर आधारित हैं। इसलिए किसी एक समान कानूनी ढांचे के माध्यम से इन व्यवस्थाओं को प्रभावित करने से पहले आदिवासी समाज के संवैधानिक अधिकारों और परंपराओं का गंभीरता से अध्ययन किया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि छत्तीसगढ़ की अनुसूचित जनजातियों को प्रस्तावित यूसीसी के दायरे से बाहर रखा जाए। बैठक में सर्व आदिवासी समाज के हिडमो मंडावी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम, जिला अध्यक्ष गांग नाग, कोषाध्यक्ष पप्पू नाग, युवा प्रभाग अध्यक्ष बसंत कश्यप, संतु मौर्य, कोंडागांव जिला अध्यक्ष बंगा राम सोढ़ी, पूरन सिंह कश्यप सहित अन्य आदिवासी नेता एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### विधायक से कार्यकर्ताओं ....

सुशील मोर्य ,जतीन जायसवाल, राजेश चौधरी,जाहिद हुसैन,शुभम यदू,आभास मंहती, सुशीला बघेल ने भी मुलाकात कर चर्चा की।



तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 18 अक्टूबर 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

2 मां दुर्गा के दरबार में पहुंचे मंत्री केदार कश्यप



2 हिर्री में रावण का पुतला जलाया नहीं जाता...



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
18 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
20

# यूनेस्को की राह पर कांगेर घाटी, नेचर गाइड्स को मिला विरासत संरक्षण का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

## भ्रमण के जरिए सीखी पर्यटकों को प्रकृति व जैव विविधता की जानकारी देने की बारीकियां

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान की प्राकृतिक विरासत को दुनिया के सामने प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने और पर्यटकों को जैव विविधता के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से आयोजित तीन दिवसीय प्रकृति मार्गदर्शक प्रशिक्षण का समापन हुआ। भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रतिभागियों को क्षेत्र-आधारित गतिविधियों के माध्यम से व्यावहारिक जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम का नेतृत्व भारतीय वन्यजीव संस्थान के प्रोजेक्ट साइंटिस्ट डॉ. सुधीर रंजन चौधरी तथा कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के युगल जोशी ने किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने उद्यान की प्राकृतिक विशेषताओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया और उन्हें पर्यटकों के सामने वैज्ञानिक, सरल एवं रोचक तरीके से प्रस्तुत करने के गुर सीखे। प्रशिक्षण में प्राकृतिक गुफाओं, विशिष्ट भूवैज्ञानिक संरचनाओं, वनस्पतियों, वन्यजीवों और वन पारिस्थितिकी तंत्र के महत्त्व की जानकारी दी गई। इसके साथ ही यूनेस्को विश्व धरोहर की अवधारणा, उत्कृष्ट सार्वभौमिक मूल्य की पहचान और प्राकृतिक विरासत के संरक्षण में प्रकृति मार्गदर्शकों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. सुधीर रंजन चौधरी ने कहा कि प्रशिक्षित प्रकृति मार्गदर्शक ही प्राकृतिक धरोहर के महत्त्व को पर्यटकों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने की अहम कड़ी हैं। वहीं युगल जोशी ने कांगेर घाटी की स्थानीय प्राकृतिक विशेषताओं और संरक्षण संबंधी पहलुओं से प्रतिभागियों को अवगत कराया।



### प्रदूषण रोकने पर जोर

प्रशिक्षण में पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन, प्लास्टिक प्रदूषण की रोकथाम, जैव विविधता संरक्षण और पर्यटकों को जिम्मेदार पर्यटन के लिए प्रेरित करने पर भी जोर दिया गया। इस पहल को कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान की प्राकृतिक विरासत के संरक्षण और प्रस्तावित यूनेस्को विश्व धरोहर नामांकन की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## नवरात्रि विशेष



### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

## खबर संक्षेप

### रोटरी क्लब की पहल से स्वास्थ्य जांच शिविर

जगदलपुर। रोटरी क्लब ने विद्यालयों के वाहन चालकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया। इसका उद्देश्य बच्चों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अभियान के अंतर्गत 60 निजी एवं शासकीय विद्यालयों को जोड़ने तथा 100 से अधिक हितग्राहियों के पंजीयन का लक्ष्य रखा गया। शिविर में नेत्र परीक्षण, रक्तचाप, ब्लड शुगर, रक्त संबंधी जांच एवं ईसीजी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। इसमें आनंदा डायग्नोस्टिक के निदेशक वेदप्रकाश पांडे, डॉ. सरिता थॉमस एवं उनकी चिकित्सा टीम का सहयोग रहा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुखनंदन राठौर एवं विशिष्ट अतिथि सुमित धोत्रे उपस्थित रहे। साथ ही हनीफ बरबटिया, अध्यक्ष, बस्तर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन तथा नवीन भावसार, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, रोटरी उपस्थित थे। दिव्यांश फाउंडेशन के सत्यनारायण सिंघल एवं दिव्यांश सिंघल का विशेष योगदान रहा। अमित कुमार जैन एवं साहिल बरबटिया ने भी योगदान दिया।



### विधायक से कार्यकर्ताओं और क्षेत्र की जनता ने की मुलाकात



जगदलपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव के स्वास्थ्य लाभ लेकर बस्तर आने पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ता, समाज, संगठन,एवं क्षेत्र के जनता ने नयापारा स्थित विधायक कार्यालय पहुंचकर मुलाकात की। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ⏭शेष पेज 2 पर

### रास्ता बदलने से हुआ हादसा, बिजली तार नहीं टूटने से बची लोगों की जान

# फूलरथ बिजली खंभे से टकराया आधा दर्जन से अधिक लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के दौरान जगदलपुर में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। दशहरा की महत्वपूर्ण रस्म फूलरथ की चौथी परिक्रमा के दौरान रथ अचानक अनियंत्रित होकर अपने तय मार्ग से भटक गया और पावर हाउस चौक की तरफ दौड़ पड़ा। इस दौरान रथ एक बिजली के खंभे से टकरा गया, जिससे खंभा टूटकर नीचे गिर गया। हादसे में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए, जबकि एक स्कूटी सवार युवक बाल-बाल बच गया। गनीमत रही कि मुख्य बिजली का तार नहीं टूटा, अन्यथा एक बड़ा जनहतासा हो सकता था। बताया जा रहा है कि रथ खींचने में शामिल कुछ असामाजिक तत्वों या शरारती लोगों ने जानबूझकर या लापरवाहीवश रथ का रूट बदल दिया और उसे तेजी से खींचने लगे। इस दौरान रथ की टक्कर से बिजली का खंभा ढह गया, जिसकी चपेट में आने से आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। मौके पर मौजूद सुरक्षा बलों और पुलिस जवानों ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत स्थिति को संभाला और एक स्कूटी सवार युवक को रथ की चपेट में आने से बचाया।



### चिंगारियों के बीच टला बड़ा करंट हादसा



खंभे के टकराने और टूटने के तुरंत बाद बिजली के तारों से तेज चिंगारियां निकलने लगीं। घटना के वक्त विद्युत लाइन चालू थी और तारों में करंट प्रवाहित हो रहा था। चिंगारियां निकलते देख लोग दहशत में इधर-उधर भागने लगे। हालांकि, तारों के नहीं टूटने से बड़ा करंट हादसा टल गया, वरना जनहानि का गंभीर खतरा पैदा हो सकता था। अचानक हुई इस घटना से मौके पर मौजूद पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के पसीने छूट गए। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। पूरी घटना पास ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

### रूट बदलकर पावर हाउस की तरफ भागा रथ

जानकारी के अनुसार, फूलरथ की परिक्रमा सिरहासार चौक के पास पहुंचा था, तभी रथ अचानक अपने निर्धारित मार्ग से हटकर यामाहा शोरूम के सामने पावर हाउस चौक की तरफ मुड़ गया। रथ के अचानक बेलगाम होने से वहां मौजूद श्रद्धालुओं में भारी हड़कंप मच गया और भगदड़ जैसी स्थिति बन गई।

### करोड़ों की अंडरग्राउंड बिजली व्यवस्था पर उठे सवाल

इस दुर्घटना ने प्रशासन द्वारा किए गए दावों और व्यवस्थाओं पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, बस्तर दशहरा के रथ परिक्रमा मार्ग में सुरक्षा और सुगमता के नाम पर लगभग 7 करोड़ खर्च कर अंडरग्राउंड (भूमिगत) बिजली के तार बिछाए गए हैं। बावजूद इसके, जिस स्थान (सिरहासार चौक के समीप) पर यह हादसा हुआ, वहां अंडरग्राउंड व्यवस्था के होने के बावजूद खंभों के जरिए बिजली की सप्लाई जारी रखी गई थी। स्थानीय नागरिकों और प्रबुद्धजनों ने सवाल उठाया है कि करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी परिक्रमा मार्ग पर खंभों से बिजली सप्लाई क्यों दी जा रही थी। बहरहाल, गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन इस गंभीर चूक ने प्रशासनिक दावों की पोल खोल दी है।

# डोडा चूरा बिक्री करने ग्राहक का इंतजार कर रहे तीन गिरफ्तार 2.994 किलो डोडा जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अवैध प्रतिबंधित डोडा बिक्री करने ग्राहक का इंतजार कर रहे तीन आरोपियों को बोधघाट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से हजारों कीमत का डोडा चूरा बरामद कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजा गया।

पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति मेटगुडा स्थित रेलवे स्कूल ग्राउंड के करीब अवैध रूप से मादक पदार्थ डोडा बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे है। टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर रेड कार्रवाई करते हुए दो लोगों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम किशोर दास 45 वर्ष निवासी ग्राम मेटावडा, अंबर कुमार 37 साल निवासी मेटगुडा का रहने वाला बताया। दोनों के कब्जे से 1.021 किलो डोडा कीमत 10 हजार 210 रूपए बरामद कर जब्त किया गया।

पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा महादेवघाट निवासी अस्सू देवांगन के साथ मिलकर डोडा की अवैध बिक्री का कार्य करना बताया। आरोपियों की निशानदेही पर हाटकछोरा मेन रोड में रेड कार्रवाई कर एक व्यक्ति को ट्राली बैग के साथ हिरासत में लिया गया। आरोपी अस्सू देवांगन 45 साल निवासी महादेव घाट के कब्जे से 1.973 किलो मादक पदार्थ डोडा कीमत 19 हजार 730 रूपए बरामद किया गया। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

- एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज, आरोपी भेजे गए जेल

### कोंटा में बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने पर जोर

# नगर पंचायत को जीतने भाजपा ने शुरू की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोन्टा

कोन्टा नगर पंचायत को अपनी झोली में लाने भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकार्ताओं के बीच बैठकों का दौर शुरू हो चुका है। इसके लिए कोन्टा नगर पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा कोंटा मंडल की विशेष बैठक हुई, जिसमें बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने पर जोर दिया गया।

ज्ञात हो कि कोन्टा नगर पंचायत में लगातार बीते दो बार से कांग्रेस का कब्जा बना हुआ है। आगामी चुनाव 2026 की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने सामुदायिक भवन कोंटा में मंडल की विशेष बैठक भाजपा जिला अध्यक्ष



धनीराम बारसे के मार्गदर्शन में मंडल अध्यक्ष सुभाष चतुर्वेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें विशेष तौर पर नगर पंचायत चुनाव प्रभारी रामाश्रय सिंह सह-प्रभारी संग्राम सिंह राणा एवं जमुना मांझी भाजपा मंडल प्रभारी सह-प्रभारी संजय सोड़ी उपस्थित रहे। भाजपा नेताओं ने वार्डवार संगठनात्मक ⏭शेष पेज 2 पर

### प्रत्येक वार्ड की नियमित समीक्षा हो : प्रभारी

नगर पंचायत चुनाव प्रभारी रामाश्रय सिंह ने कहा कि आगामी चुनाव की तैयारियों के लिए वार्डवार सुनियोजित रणनीति, सतत जनसंपर्क और कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर तालमेल आवश्यक है। उन्होंने सभी वार्ड प्रभारी एवं सह-प्रभारियों से अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर बूथ अध्यक्षों, बूथ सचिवों एवं बीएलए-2 के साथ समन्वय स्थापित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि संगठन की जिम्मेदारियों का प्रभावी निर्वहन करते हुए प्रत्येक वार्ड में चुनावी तैयारियों की नियमित समीक्षा की जानी चाहिए। जिम्मेदारियों के समुचित निर्वहन, बूथ स्तर तक समन्वय मजबूत करने, वार्डवार चुनावी तैयारियों को व्यवस्थित करने तथा सभी कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में जिले से नियुक्त सभी वार्ड प्रभारी एवं सह-प्रभारी, नगर पंचायत कोंटा के 15 वार्डों के बूथ अध्यक्ष, बूथ सचिव एवं बीएलए-2, मंडल में निवासरत प्रदेश, जिला एवं मंडल के पदाधिकारीगण, विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष एवं महामंत्री, प्रकोष्ठों के संयोजक एवं सह-संयोजक तथा वार्ड स्तर पर नियुक्त सोशल मीडिया टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

# यूसीसी का आदिवासी समाज ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

समान नागरिक संहिता को लेकर आयोजित बैठक में आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने विरोध दर्ज कराया। समाज प्रमुखों ने जिला प्रशासन पर सभी संबंधित समाजों को बैठक की सूचना नहीं देने का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई। उन्होंने सवाल उठाया कि बस्तर के



मूलनिवासी समाजों से जुड़े संवेदनशील विषय पर चुनिंदा लोगों को ही आमंत्रित किया गया। वहीं सभी समाजों को विश्वास में क्यों नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदायों की अपनी विशिष्ट सामाजिक, सांस्कृतिक और पारंपरिक व्यवस्थाएं हैं। ऐसे में समान नागरिक संहिता के नाम पर उनके रीति-रिवाजों और रूढ़िगत कानूनों को प्रभावित करने वाला कोई भी निर्णय स्वीकार नहीं किया जाएगा। बैठक के दौरान प्रतिनिधियों ने अपने तर्क रखते हुए 5वीं अनुसूची, पेसा कानून और आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। सर्व आदिवासी समाज, बस्तर संभाग के अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने समाज की ओर से अपना स्पष्ट पक्ष रखते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के आदिवासी समुदायों, विशेषकर बस्तर संभाग के 5वीं अनुसूची क्षेत्रों में रहने वाले जनजातीय समाजों पर समान नागरिक संहिता लागू करना स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि विवाह, ⏭शेष पेज 2 पर

# शिवनी में जर्जर स्कूल भवनों में पढ़ाई करने बच्चे मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

ग्राम पंचायत शिवनी के अंतर्गत आने वाले विभिन्न सरकारी स्कूलों के भवन अत्यंत जर्जर स्थिति में पहुंच चुके हैं, जिससे वहां पढ़ने वाले मासूम बच्चों की जान पर हर समय खतरा मंडराता रहता है। इस गंभीर समस्या को लेकर युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष निलय कश्यप के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने इन जर्जर स्कूलों का निरीक्षण किया और प्रशासन की अनदेखी पर सवाल उठाया। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक शाला केवटापारा और प्राथमिक शाला आमागुड़ा की स्थिति बेहद दयनीय पाई गई। निरीक्षण में युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष निलय कश्यप के साथ पूर्व सरपंच सुलधर कश्यप, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष धर्मा पाढ़ी और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे। युवा कांग्रेस और ग्रामीणों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह क्षेत्र क्षेत्रीय विधायक और छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री केदार कश्यप का विधानसभा क्षेत्र है। इसके बावजूद



जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों द्वारा कई बार शिकायत किए जाने पर भी इस समस्या का कोई निराकरण नहीं किया गया है। निलय कश्यप ने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारी और वर्तमान सरकार मासूम बच्चों की जान को जानबूझकर जोखिम में डाल रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से सवाल किया कि क्या सरकार और प्रशासन किसी बड़े और दुखद हादसे का इंतजार कर रहे हैं। युवा कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन जर्जर स्कूल भवनों का निर्माण या मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया गया, तो बच्चों के सुरक्षित भविष्य और उनकी जान की रक्षा के लिए उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### यहां रावण दहन के बजाय मां दंतेश्वरी की आराधना और जनजातीय परंपराओं को दिया जाता है महत्व

# फूल रथ परिक्रमा के अंतिम दिन उमड़ा जनसैलाब, विदेशी पर्यटक भी पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर दशहरा के 5वें फूल रथ परिक्रमा विधान को लेकर उत्साह और आस्था का माहौल रहा। इस आयोजन में शामिल होने के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचने लगे हैं। वहीं पश्चिम बंगाल से आए पर्यटक भी बस्तर दशहरा की अनूठी परंपराओं को करीब से देखने के लिए शामिल हुए।

पारंपरिक रीति-रिवाजों, जनजातीय संस्कृति और मां दंतेश्वरी के प्रति अटूट आस्था से जुड़ा यह आयोजन देश-दुनिया के लोगों को आकर्षित कर रहा है। फूल रथ परिक्रमा बस्तर दशहरा के प्रमुख आकर्षणों में शामिल हैं। इस दौरान मां दंतेश्वरी के छत्र के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए परंपरागत विधान संपन्न



किए जाते हैं। रथ की परिक्रमा के दौरान श्रद्धालुओं की उपस्थिति और पारंपरिक रस्मों के प्रति लोगों का उत्साह बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक प्रस्तुत करता है। बस्तर दशहरा की विशेषता यह है कि यहां रावण दहन के बजाय मां दंतेश्वरी की आराधना और सदियों पुरानी जनजातीय परंपराओं को विशेष महत्व दिया जाता है। यही विशिष्टता पर्यटकों को अपनी ओर खींचती है। पश्चिम बंगाल से पहुंचे पर्यटक भी फूल रथ परिक्रमा के विधान और बस्तर की सांस्कृतिक विविधता को करीब से देखने के लिए उत्साहित नजर आए। पर्यटकों की मौजूदगी से यह स्पष्ट होता है कि बस्तर दशहरा स्थानीय आस्था के साथ-साथ देश के विभिन्न हिस्सों के लोगों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन रहा है।

# सुकमा में मां दुर्गा की आराधना के साथ डांडिया की धूम

सुकमा। कभी नक्सलवाद के भय, हिंसा और सन्नाटे के साये में सिमटे रहने वाले सुकमा जिले में अब धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपराओं और सामूहिक उत्सवों की अद्भुत रौनक देखने को मिल रही है। नवरात्रि पर पूरा नगर मां दुर्गा की भक्ति में सराबोर है। जगह-जगह सजे पंडाल, आकर्षक विद्युत सज्जा, गरबा-डांडिया की गूंज और मीना बाजार की रौनक बदलते सुकमा की एक नई और सकारात्मक तस्वीर पेश कर रही है। नवरात्रि के अवसर पर नगर में स्थापित मां दुर्गा के पंडालों को बेहद आकर्षक ढंग से सजाया गया है। रंग-बिरंगी रोशनी और मां दुर्गा की दिव्य प्रतिमा श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। सुबह से लेकर देर रात तक माता के



दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है। उत्सव के दौरान आयोजित गरबा और डांडिया कार्यक्रम युवाओं और परिवारों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बने हैं। यहां मीना बाजार लोगों के लिए बड़े कौतुक का विषय बना हुआ है। बाजार में सजी विभिन्न दुकानों और लजीज व्यंजनों के स्टॉलों पर खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

## खबर संक्षेप

### सेवा सेतु शिविर में 78 आवेदन मिले



**गीदम।** नगर पंचायत गीदम में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं और आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करना है। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 78 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 28 आवेदनों का निराकरण किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजस्व विभाग में 15 आवेदन, नगरीय निकाय में 8 आवेदन, महिला एवं बाल विकास विभाग में 5 आवेदन, खाद्य विभाग में 3 आवेदन, श्रम विभाग में 27 आवेदन तथा आधार कार्ड से संबंधित 20 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदनों के निराकरण की स्थिति पर नजर डालें तो नगरीय निकाय विभाग के 8 आवेदनों में से 4 का निराकरण किया गया, जबकि श्रम विभाग के 27 आवेदनों में से 4 आवेदनों का निराकरण हुआ। आधार कार्ड से संबंधित 20 आवेदनों का निराकरण किया गया। इस प्रकार शिविर में कुल 28 आवेदनों का निराकरण दर्ज किया गया।

### लोकतंत्र की मजबूती के लिए युवाओं की भागीदारी जरूरी

**बीजापुर।** धुर्वाराव माड़िया शासकीय महाविद्यालय भैरमगढ़ में मतदाता जागरूकता के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों एवं नागरिकों को मतदान के महत्व तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में तहसीलदार प्रियंका बंजारा, महाविद्यालय के प्राचार्य गोकुल राम निषाद एवं स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. उग्रेन कुमार साहू ने विद्यार्थियों को लोकतंत्र की मजबूती में प्रत्येक मतदाता की महत्वपूर्ण भूमिका से अवगत कराया। साथ ही युवाओं को स्वयं जागरूक रहने एवं समाज में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बीएलओ नागेश्वर तांती, दीपक बिन्द, कमलेश साहू, बीरबल उरांव सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# अब बहानों का दौर खत्म, काम का रोडमैप बनाएं अफसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

चंद घंटो के प्रवास पर सुकमा पहुंचे बस्तर सांसद महेश कश्यप इस बार नये तेवर में नजर आऐ। हमेशा शांत व कम शब्दों से बैठकों में निर्देश देने वाले सांसद के तेवर इस बार काफी बदले व कड़क नजर आये। दिश की बैठक को नई दिशा देने के उद्देश्य से अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अब हीलहवाला व बहानेबाजी बिल्कुल नही चलेगी।

■ पक्की सड़क और स्वास्थ्य-शिक्षा व्यवस्था सुधारने के निर्देश

जिले में विकास कार्यों को गति देने और शासकीय योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के मुद्दे पर बस्तर लोकसभा सांसद महेश कश्यप ने अधिकारियों के सामने कड़ा रुख अपनाया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब बहानेबाजी का दौर खत्म होना चाहिए। अधिकारियों को समस्याएं गिनाने के बजाय उनके समाधान का ठोस रोडमैप तैयार करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक विभाग अपनी समस्याओं, लंबित कार्यों और प्रस्तावित समाधानों की लिखित जानकारी प्रस्तुत करे, ताकि अगली बैठक में योजनाओं की प्रगति की वास्तविक समीक्षा की जा सके। बैठक में सांसद प्रतिनिधि अरुण सिंह भदौरिया, परियोजना सलाहकार समिति अध्यक्ष कुसुमलता कवासी सहित कलेक्टर अमित कुमार, पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर, जिला पंचायत सीईओ मुकुन्द ठाकुर एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी और दिशा समिति के पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### अफसर प्रशासनिक सुस्ती खत्म करे

बैठक में सांसद कश्यप के तेवरों से यह संदेश साफ रहा कि नक्सलवाद के प्रभाव में कमी और विकास के लिए अनुकूल होते वातावरण के बीच अब प्रशासनिक सुस्ती के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बस्तर के दूरस्थ और ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। इसके लिए अधिकारियों को कार्यालयों तक सीमित रहने के बजाय मैदानी स्तर पर जाकर समस्याओं की पहचान करनी होगी और समयबद्ध तरीके से उनका निराकरण सुनिश्चित करना होगा।

## दिशा समिति की बैठक में विकास कार्यों की धीमी गति पर बिफरे सांसद





### जवाबदेही पर जोर

बैठक में जिला पंचायत सीईओ मुकुन्द ठाकुर ने ग्रामीण आजीविका संवर्धन और अधोसंरचना विकास से जुड़े कार्यों की जानकारी दी। ग्रामीण क्षेत्रों में डबरी निर्माण, भूमि समतलीकरण, गाय और बकरी शेड निर्माण के माध्यम से रोजगार एवं आय बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। स्कूलों, मुक्तिधामों तथा आश्रम-छात्रावासों में पेवर ब्लॉक लगाने के कार्य भी कराए जा रहे हैं। बिहान योजना के तहत जिले में 3,537 स्व-सहायता समूहों के माध्यम से लगभग 73 हजार परिवारों को जोड़े जाने की जानकारी दी गई। त्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल प्रभावित परिवारों के लिए विशेष प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण कार्य भी जारी हैं। वहीं, बाढ़ से प्रभावित 123 किसानों को 12.82 लाख रुपये की मुआवजा राशि वितरित की गई है। सांसद ने योजनाओं के क्रियान्वयन में वास्तविक प्रगति और हितग्राहियों को मिल रहे लाभ पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता जताई।

### स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था निशाने पर

बैठक में मलेरिया, डेंगू और टाइफाइड जैसी मौसमी बीमारियों की रोकथाम, दवाओं की उपलब्धता तथा स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर चर्चा हुई। सांसद ने श्मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान्ष को गति देने और 82 मितानिनों की भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा के दौरान भवनविहीन और शिक्षकविहीन स्कूलों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए गए। सांसद का जोर इस बात पर रहा कि आदिवासी अंचल के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बुनियादी सुविधाओं से वंचित नहीं रहना चाहिए।

### 2031 तक विकसित बस्तर का लक्ष्य

सांसद कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प के अनुरूप वर्ष 2031 तक बस्तर को देश के सबसे उन्नत और विकसित संभागों में स्थापित करने की दिशा में काम करना है। इसके लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान और जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) निधि का प्रभावी समन्वय कर विकास कार्यों को गति देने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी विभागों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी साझा करने के निर्देश भी दिए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्रों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठा सकें।

### सड़क, पानी और आवास पर सख्ती

सांसद महेश कश्यप ने प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि ग्रामीणों को पक्के मकान, सुरक्षित आवागमन और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं समय पर मिलनी चाहिए। पीएमजीएसवाई के तहत जर्जर सड़कों की मरम्मत तत्काल कराने तथा जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रत्येक घर तक पानी पहुंचाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने और पात्र परिवारों को योजना की जानकारी उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। सांसद ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं की जानकारी केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि उनका लाभ धरातल पर दिखाई देना चाहिए।

# भक्ति गीतों से गूंजा नकुलनार, झूमते रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ नकुलनार

शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर नकुलनार के महाराणा प्रताप चौक स्थित मां दुर्गा सेवा पंडाल में आयोजित भव्य जगराता कार्यक्रम भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। ग्रामवासियों के सहयोग से नवदुर्गा समिति द्वारा आयोजित इस

■ छत्तीसगढ़ी भजनों और धार्मिक गीतों ने बांधा समां

कार्यक्रम में कोंडागांव से पहुंचे लोकगायक सिद्धार्थ महाजन और उनकी टीम ने छत्तीसगढ़ी भजनों, पचरागीतों और धार्मिक गीतों की शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। करीब साढ़े तीन घंटे तक चले इस कार्यक्रम में नकुलनार सहित हितावर, कुआकोंडा और आसपास के गांवों से पहुंचे लगभग तीन हजार दर्शक भक्ति के रंग में रंगे नजर आए। जगराता की शुरुआत से ही पंडाल में भक्तिमय माहौल बना रहा। कलाकारों ने पारंपरिक लोकधुनों और देवी भजनों की प्रस्तुतियों के साथ धार्मिक झांकियां भी पेश कीं। सुप्रसिद्ध गायिका शहनाज अख्तर के लोकप्रिय गीतों को लक्ष्मी कुंजाम और कविता कुंजाम ने अपनी आवाज में प्रस्तुत किया। 'भारत का बच्चा-बच्चा जय श्रीराम बोलेगा' और 'चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है' जैसे भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूम उठे। गीत-संगीत और झांकियों के संगम ने पूरे कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।





### वाद्ययंत्रों की जुगलबंदी ने मोहा मन

जगराता में संगीत की प्रस्तुति ने भी दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। विवेक नाग ने ऑर्गन पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। पवन निषाद ने ढोलक, कामदेव कुंवर ने तबला एवं ढोल और दीनानाथ प्रधान ने इलेक्ट्रॉनिक पैड पर संगत देकर गीतों को और प्रभावशाली बनाया। वहीं युवराज नेताम ने पूरे कार्यक्रम की वीडियोग्राफी की। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते और तालियां बजाते नजर आए। ग्रामीणों ने कलाकारों की प्रस्तुतियों की जमकर सराहना की। आयोजन ने नवरात्रि के उत्साह के बीच गांव में धार्मिक उल्लास और आपसी सहभागिता का माहौल बना दिया।

### कलाकारों का सम्मान कर बढ़ाया उत्साह

कार्यक्रम के दौरान नवदुर्गा समिति ने महिला कलाकारों को ग्राम की महिलाओं के हाथों चुनरी भेंटकर सम्मानित किया। वहीं पुरुष कलाकारों का गांव के वरिष्ठ नागरिकों और समिति के सदस्यों ने श्रीफल एवं शाल भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम के उद्घोषक सागर जी और लोकगायक सिद्धार्थ महाजन ने ग्राम पुरोहित सुनील तिवारी को श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।

# दण्डक ब्रांड को कला से जोड़कर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने पर विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

उप मुख्यमंत्री तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा से दंतेवाड़ा सर्किट हाउस में मां दंतेश्वरी महिला किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड की पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मुलाकात की।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कंपनी को वनोपज के लिए राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत जैविक प्रमाणीकरण प्राप्त होने पर बधाई दी। सदस्यों ने उप मुख्यमंत्री को अपनी कंपनी के 'दण्डक ब्रांड' का चावल का पैकेट भेंट किया। शर्मा ने कंपनी की गतिविधियों, उत्पादों की बिक्री, ब्रांडिंग, पैकेजिंग और बाजार की संभावनाओं के संबंध में चर्चा की। उन्होंने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि एनपीओपी प्रमाणन मिलने के बाद अब दण्डक ब्रांड के उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाने की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की आवश्यकता है। इस दौरान उन्होंने



दण्डक ब्रांड को छत्तीसगढ़ के 'छत्तीसकला' ब्रांड के साथ जोड़कर व्यापक बाजार उपलब्ध कराने और नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की संभावनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि बस्तर के प्राकृतिक वनोपज की अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अच्छी संभावनाएं हैं। इन संभावनाओं का लाभ स्थानीय महिलाओं और वनोपज संग्राहकों तक पहुंचना चाहिए।उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के अंतर्गत 2023 में दंतेवाड़ा जिले में मां दंतेश्वरी महिला किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड का गठन किया गया था। कंपनी को हाल ही में वनोपज के लिए एनपीओपी प्रमाणन प्राप्त हुआ है। यह प्रदेश में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित पहली किसान उत्पादक कंपनी है, जिसे वनोपज उत्पादन के लिए यह प्रमाणन मिला है।

इससे कंपनी के प्रमाणित जैविक वनोपज को देश के बड़े बाजारों के साथ अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाने की संभावनाएं बढ़ी हैं। वर्तमान में कंपनी से 1080 महिला शेयरधारक प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हुई हैं। इसके अतिरिक्त जिले के 60 उत्पादक समूहों से संबद्ध 2100 वनोपज संग्राहक दीदियां भी कंपनी की गतिविधियों से लाभान्वित हो रही हैं।

# पहली जैविक कृषि इनपुट इकाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

किसानों को जैविक एवं टिकाऊ खेती के लिए प्रोत्साहित करने तथा रासायनिक कृषि आदानों पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से दंतेवाड़ा में बस्तर संभाग की पहली जैविक कृषि इनपुट इकाई शुरू की गई है। इस इकाई के माध्यम से एनपीके कंसोर्टिया, ट्राइकोडर्मा, मेटाराइजियम एवं व्यूवेरिया जैसे जैविक कृषि आदानों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। ये उत्पाद मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने, पौधों को पोषण उपलब्ध कराने तथा फसलों को विभिन्न रोगों एवं कीटों से बचाने में सहायक हो सकते हैं।

इस पहल से किसानों को पर्यावरण अनुकुल कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक करने और जैविक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने में मदद मिलेगी। साथ ही, कृषि में लाभकारी सूक्ष्मजीवों पर आधारित उत्पादों के वैज्ञानिक उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। यह पहल दंतेवाड़ा जिले में टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने तथा कृषि क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वर्तमान समय में खेती की लागत कम करना, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखना और पर्यावरण के अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाना महत्वपूर्ण हो गया है। ऐसे में दंतेवाड़ा में स्थापित की जा रही जैविक कृषि इनपुट इकाई स्थानीय किसानों को



जैविक खेती के विकल्पों की जानकारी उपलब्ध कराने तथा इन उत्पादों के वैज्ञानिक उपयोग को प्रोत्साहित करने में सहायक होगी। प्राकृतिक संसाधनों और कृषि विविधता से समृद्ध बस्तर क्षेत्र में यह पहल खेती को अधिक टिकाऊ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसके माध्यम से किसानों को लाभकारी सूक्ष्मजीवों पर आधारित कृषि आदानों के उपयोग के प्रति जागरूक करने और कृषि उत्पादन प्रणाली में पर्यावरण अनुकूल विकल्पों को बढ़ावा देने की संभावनाएं विकसित होंगी। जिला प्रशासन की पहल का उद्देश्य किसानों को टिकाऊ एवं पर्यावरण अनुकूत कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक करना, जैविक कृषि आदानों के उपयोग को प्रोत्साहित करना तथा कृषि क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव को गति देना है।

# शिव मंदिर प्रांगण में महिलाओं ने की मां गौरी की आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

नगर में आंध्र समाज द्वारा पारंपरिक बतकम्मा पर्व श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज की महिलाओं ने शिव मंदिर प्रांगण में एकत्रित होकर मां गौरी के स्वरूप

■ बतकम्मा की होगी पूजा अर्चना

बतकम्मा की पूजा-अर्चना की। इस दौरान फूलों से आकर्षक बतकम्मा सजाकर पारंपरिक रीति-रिवाजों और लोकगीतों के साथ उत्सव मनाया गया। आयोजन में धार्मिक आस्था के साथ समाज की सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिली। बतकम्मा तेलंगाना की समृद्ध लोक संस्कृति से जुड़ा प्रमुख पारंपरिक पुष्पोत्सव है। इस



पर्व में महिलाएं विभिन्न प्रकार के फूलों से बतकम्मा सजाकर मां गौरी की आराधना करती हैं तथा परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मंगलकामना के लिए प्रार्थना करती हैं। यह पर्व प्रकृति के प्रति सम्मान, पारिवारिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण का भी प्रतीक माना जाता है। शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। फूलों से सजे बतकम्मा और पारंपरिक गीतों ने आयोजन को विशेष स्वरूप प्रदान किया। सामूहिक रूप से मनाया जाने वाला यह पर्व महिलाओं को अपनी सांस्कृतिक पहचान से जुड़े रहने और पारंपरिक विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का अवसर प्रदान करता है। बतकम्मा उत्सव का अंतिम दिन 'सद्दुला बतकम्मा' के नाम से जाना जाता है। यह पर्व का प्रमुख एवं विशेष अवसर होता है, जिसमें महिलाएं फूलों से सजे बतकम्मा के साथ सामूहिक पूजा-अर्चना करती हैं। पारंपरिक गीतों, धार्मिक अनुष्ठानों और विशेष नैवेद्य के माध्यम से मां गौरी के प्रति श्रद्धा व्यक्त की जाती है। परंपरा के अनुसार, उत्सव के समापन पर बतकम्मा को जलाशय में विसर्जित किया जाता है। बीजापुर में भी रविवार, 18 अक्टूबर को सद्दुला बतकम्मा के साथ इस पारंपरिक पर्व का समापन होगा। इस अवसर पर समाज की महिलाएं परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुरूप उत्सव में सहभागिता निभाते हुए अपनी सांस्कृतिक विरासत के प्रति आस्था व्यक्त करेंगी। बीजापुर में बतकम्मा पर्व की विशेषता यह भी है कि इसमें आंध्र समाज के साथ-साथ विभिन्न समुदायों के लोग भी शामिल होकर उत्सव का आनंद लेते हैं। विभिन्न समुदायों की सहभागिता से यह आयोजन सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक एकता का संदेश देता है। एक-दूसरे की परंपराओं और मान्यताओं के प्रति सम्मान की भावना ऐसे आयोजनों को और अधिक महत्वपूर्ण बनाती है।

नगर में विभिन्न समाजों द्वारा अपने पारंपरिक पर्वों का आयोजन बीजापुर की सांस्कृतिक विविधता और आपसी सद्भाव को दर्शाता है। बतकम्मा उत्सव भी इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए लोगों को आपस में जोड़ने तथा सामाजिक संबंधों को मजबूत बनाने का अवसर प्रदान करता है। आंध्र समाज द्वारा प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला बतकम्मा पर्व अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

# बिजली उपभोक्ताओं को दी अधिकारों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बिजली बिल, खराब मीटर और विभागीय शिकायतों को लेकर उपभोक्ताओं की परेशानियों का समाधान अब नियमों की जानकारी से आसान हो सकेगा।

बिजली उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों और कानूनी प्रावधानों से अवगत कराने शुक्रवार को कुम्हरावंड स्थित कृषि महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें विद्युत नियामक आयोग, विद्युत लोकपाल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और बिजली कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने उपभोक्ताओं के सवालों के जवाब दिए। कार्यशाला में विद्युत नियामक आयोग के सदस्य विवेक जनोदवाले, विद्युत लोकपाल एसके सोनी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं न्यायाधीश अंकिता कश्यप, विद्युत उपभोक्ता शिकायत फोरम के अध्यक्ष पीआर साहू, विद्युत कंपनी के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम, अधीक्षण अभियंता केव्ही मैथ्यू, प्रोजेक्ट के अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम, कार्यपालन अभियंता सलीम खान, प्रदीप अग्रवाणी, एनआर भगत आदि विद्युत कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आम उपभोक्ता मौजूद रहे। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे उपभोक्ताओं ने बिजली संबंधी समस्याएं सीधे अधिकारियों के सामने रखीं। अधिकारियों ने प्रत्येक सवाल का जवाब देते हुए उपभोक्ता अधिकारों की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मीटर खराब होने पर यदि उपभोक्ता की कोई गलती नहीं है तो नया मीटर लगाने का शुल्क नहीं देना होगा।





### निराकरण पर तीन चरणों की व्यवस्था

शिकायतों के निराकरण के लिए तीन चरणों की व्यवस्था बताई गई। पहले ग्राहक सेवा केंद्र, फिर 15 दिन में समाधान नहीं होने पर शिकायत निवारण फोरम और उसके निर्णय से असंतुष्ट होने पर 45 दिनों के भीतर विद्युत लोकपाल के समक्ष अपील की जा सकती है। मोर बिजली ऐप से नए कनेक्शन, बिजली बंद होने की शिकायत, बिल भुगतान और पुराने बिलों का विवरण भी प्राप्त किया जा सकता है।

### प्रदेश अध्यक्ष और मंत्री ने किए देवी दर्शन



**दंतेवाड़ा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव तथा वन मंत्री केदार कश्यप ने माई दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा पहुंच माई जी की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। किरण देव ने सभी क्षेत्रवासियों को शारदीय नवरात्र एवं बस्तर दशहरा की शुभकामनाएं दी। गीदम हेलीपैड में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत व अभिनंदन किया। वहीं जिला भाजपा कार्यालय दंतेवाड़ा एवं सर्किट हाउस में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। गौरतलब है कि दुर्घटना के बाद लंबे समय से उपचार के पश्चात किरण देव का आज बस्तर आगमन हुआ। वे वन मंत्री के साथ हेलीकॉप्टर में शुक्रवार की दोपहर में दंतेवाड़ा पहुंचकर मां दंतेश्वरी की पूजा अर्चना की। इसके पश्चात शाम को जगदलपुर पहुंचे। उनका भाजपाईयों ने आत्मीय स्वागत किया।

